दिल्ली सरकार
कार्यालय प्रमुख अभियंता, लो0नि0वि0
12वांतल, बहु-मंजिला भवन, इन्द्रप्रस्थ संपदा, नई दिल्ली-110002
☎ 23724561, 23317520, फैक्स 23766924
Toll Free Complaint No. 1908
Website: http://pwd.delhigovt.nic.in
E-mail- einc-pwd@delhi.gov.in

सं0:29(1)/प्र0अभि0/लो.नि.वि/ई–1/2025/ 6443 दिनांकः 19 .08.2025

**कार्यालय ज्ञापन**

लोक निर्माण विभाग, दिल्ली सरकार, नई दिल्ली के अधीन कार्यरत कुछ कार्यपालक अभियंताओं (सि0/वै0), सहायक अभियंताआ (सि0/वै0), सहायक लेखा अधिकारियों व अन्य वर्गो के अधिकारियों व कर्मचारियों के स्थानांतरण व तैनाती आदेश लोक निर्माण विभाग, दिल्ली सचिवालय व संबंधित समन्वय शाखाओं द्वारा पूर्व में जारी किए गए है। इन स्थानांतरण व तैनाती आदेशों को जारी करनें का उद्देश्य विभाग में कार्य कुशलता, सुदृढ़ परिचालन, व पारदर्शिता है।

यह देखा गया है कि उक्त वर्णित अधिकारियों व कर्मचारियों के स्थानांतरण व तैनाती आदेश जारी होने के बहुत समय बाद भी कुछ अधिकारी/कर्मचारी अभी तक कार्यमुक्त नही हुए/किए गए है। यह स्पष्टतः कार्यालय आदेशों की प्रत्यक्ष रूप से अवहेलना है तथा इसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा अति गम्भीरता से लिया गया है।

अतः स्पष्ट निर्देश दिए जाते हैं कि दिल्ली सचिवालय, लो0नि0वि0 अथवा अन्य समन्वय शाखाओं द्वारा समय–समय पर जारी किये स्थानान्तरण/ तैनाती आदेशों को तत्काल प्रभावी किया जाए व सभी संबंधितों को अविलम्ब कार्यभार मुक्त किया जाए तथा इस आशय की रिपोर्ट कि सभी कार्यालय आदेशों का अनुपालन किया जा चुका है, इस कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित किया जाए। आदेशों का अनुपालन न करने की स्थिति में नियन्त्रक अधिकारी स्वंय जिम्मेदार होंगें।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

यह पत्र प्रमुख अभियंता महोदय के अनुमति से जारी किया जाता है।

सहायक प्रशासनिक अधिकारी

प्रतिलिपिः–

1- PS to ACS, PWD, 3rd Floor, MSO Building,PWD, New Delhi-110002 for information please.
2- ADG (M&F), 12th Floor, MSO Building,PWD, New Delhi-110002.
3- ADG (Projects), PWD, 9th Floor, MSO Building,PWD, New Delhi-110002.
4-10 All Chief Engnieer, PWD for further dissemination to SEs and EEs uder their jurisdiction.
11- PWD Website.

19.8.25

सहायक प्रशासनिक अधिकारी